हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 3 दिसंबर 2025



11 नशा मुक्ति टीम ने टोहाना में नुक्कड़ सभाओं से मजदूरों को किया जागरूक





12 भारतीय संस्कृति की धरोहर का मूल सार है श्रीमद् भगवत गीता...




# सिरसा में किसानों का धरना-प्रदर्शन मांगें पूरी करने की उठाई आवाज

## उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

मांगों को लेकर जिलेभर के किसानों ने भारतीय किसान एकता (बीकेई) के बैनर तले मंगलवार को सिरसा के लघु सचिवालय में धरना-प्रदर्शन किया। इससे पूर्व किसान बरनाला रोड स्थित शहीद भगत सिंह स्टेडियम में एकत्रित हुए और यहां से जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे और उपायुक्त सिरसा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। बीकेई के प्रदेशाध्यक्ष लखविंद्र सिंह ने कहा कि खरीफ -2023 में सिरसा जिले के कई किसानों का बीमा प्रीमियम 10 से 12 महीनों बाद वापिस आ गया था, जिसके लिए पहले भी किसानों ने अपील की थी कि वह बीमा प्रीमियम किसानों से दोबारा लेकर उन्हें बीमा क्लेम जारी किया जाये। खरीफ -2024 में सिरसा जिले के 25 गांवों पर कंपनी द्वारा आपति लगाकर उनका बीमा क्लेम रोक दिया गया था। जिसे मीटिंग में रखा जाना था, लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक मीटिंग नहीं हुई है। खेत को इकाई मानकर ही उसके नुक्सान का आंकलन किया जाये। खरीफ -2025 में भारी बरसात, जलभराव व बाढ़ से सिरसा जिले में बहुत भारी नुक्सान हुआ था। जिन किसानों की केसीसी है। उन किसानों का खरीफ व रबी सीजन का बीमा प्रीमियम बैंकों द्वारा 31 जुलाई व 31 दिसम्बर को बिना उनकी मर्जी से उनके खातों से काट लिया जाता है। उन्होंने बताया कि खरीफ -2020 में सिरसा जिले में सफेद मच्छर से नरमें की फसल बर्बाद हो गई थी। जिसका लम्बे संघर्ष के बाद हरियाणा सरकार ने डबवाली, कालांवाली, गोरीवाला व सिरसा 4 तहसीलों का 65 करोड़ के लगभग मुआवजा जारी किया था। पहले 2023 में यह फण्ड तहसीलों में भेजा गया जो राजस्व विभाग ने किसानों के खातों में जारी न करने की वजह से 31 मार्च 2024 को वापिस हो गया। उसके बाद दूसरी बार यह राशि तहसीलों को जारी की गई दूसरी बार भी तहसील अधिकारियों/कर्मचारियों की लाहपरवाही की वजह से पूरी राशि किसानों को जारी नहीं की गई। खरीफ -2025 में भारी बरसात जलभराव व बाढ से सिरसा जिले किसानों की हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो गई। इसके अलावा किसानों की मांग है कि सिरसा जिले में नहरों में पानी की सप्लाई शैड्यूल के हिसाब से नहीं की जा रही है। बार-बार बिना किसी सूचना के नहरें बंद कर दी जाती है। रबी सीजन की बिजाई के समय किसानों को पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती है, लेकिन विभाग द्वारा मुरम्मत के नाम नहरों की बंदी कर दी गई है। जिस कारण कई किसान फसल बिजाई से भी वंचित है। सिरसा जिले के कई गांवों में पीने का पानी भी खत्म हो गया है।

- 2023 और 2024 में सिरसा जिले के किसानों का बीमा क्लेम जारी करने की मांग



सिरसा। लघुसचिवालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते किसान। फोटो : हरिभूमि

### किसानों का धान लूटा

किसानों ने कहा कि परमल धान की खरीद में हरियाणा में बड़ा घोटाला हुआ है, जिसमें सिरसा जिला भी शामिल है। कालांवाली की फग्गू अनाज मंडी में नमी के नाम पर किसानों से 10 से 20 किलो. प्रति क्विंटल काट ली गई है। प्राईवेट शैलर मालिकों ने अपने कंडों व मशीन से धान की नमी की जांच करके किसानों का धान लूटा है। क्योंकि जब जांच में गड़बड़ी पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों की शिकायत की तो पाया गया कि सरकारी मशीन से धान की नमी 21.3 आई व शैलर वाली मशीन पर नमी 28.7 दर्शाई गई। इस घोटाले की उच्च स्तरीय जांच करवाकर किसानों के साथ हुई लूट की भरपाई करवाई जाए।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बरामदी में आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** थाना भुना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के प्रकरण में कार्रवाई करते हुए मौके से फरार चल रहे आरोपी अजय पुत्र इंदर सिंह निवासी चौबारा को काबू कर लिया है। इससे पहले पुलिस टीम ने गाड़ी से 122 पेटियां में कुल 1464 बोतल ठेका देसी बरामद कर मुकदमा दर्ज किया था। थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि 25 नवंबर को पुलिस टीम—सरकारी वाहन में गुप्त गश्त पर गांव जांडली खुर्द से चौबारा रोड की ओर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

### लड़ाई-झगड़े के वांछित को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** बडागुढा थाना पुलिस ने लड़ाई-झगड़े के वांछित भगोड़े को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव गदराना निवासी दलबीर सिंह के रूप में हुई है। बडागुढ़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया की वर्ष 2018 में सुखचैन निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रंजिश के चलते गदराना निवासी दलबीर सिंह ने गांव में गली को लेकर झगड़ा हुआ था। पीड़ित की शिकायत के आधार पर बडागुढा थाना में मामला दर्जकर जांच शुरु की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। जमानत के बाद आरोपी व्यक्ति वापस कोर्ट में हाजिर नही हुआ।

### धान चोरी मामले में युवक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** धान चोरी मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद के अंतर्गत आने वाली बड़ोपल पुलिस चौकी ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान कपिल पुत्र कृष्णलाल निवासी बड़ोपल के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। बड़ोपल चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश ने बताया कि आत्माराम पुत्र मनफूल निवासी बड़ोपल ढाणी ने लिखित शिकायत दी थी कि 23 नवंबर की रात लगभग 3:30 बजे उसकी ढाणी के बाहर रखे धान के दो कट्टे चोरी हो गए थे।

### अवैध असला रखने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना ने नाजायज असला प्रकरण में कार्रवाई करते हुए एक युवक को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान गुरदेव उर्फ दीला उर्फ पप्पू पुत्र मितरी सिंह वासी हनुमानगढ़ टाउन, राजस्थान के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में तीन अन्य आरोपियों—मनजीत सिंह उर्फ मनी पुत्र बलजिन्द्र सिंह निवासी कमलगढ़ तहसील रतिया, गुरसिमरनदीप सिह उर्फ गुरी पुत्र गुरेन्द्रपाल सिंह निवासी नथवान तहसील रतिया और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है।

10वीं की छात्रा से मारपीट का मामला

# सर, आपकी लड़की फोन क्यों रखती है?

## इतना सुनते ही स्कूल संचालक ने गुस्से से बेकाबू होकर छात्रा के बाल पकड़कर जमीन पर पटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना (फतेहाबाद)

फतेहाबाद के ढाणी भोजराज गांव के नवज्योति हाई स्कूल में गुरुवार को स्कूल संचालक द्वारा 10वीं कक्षा की छात्रा के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार कक्षा के दौरान छात्रा के पास मोबाइल फोन पाया गया। जब संचालक ने मोबाइल छीना तो छात्रा ने सवाल किया— सर, आपकी लडक़ी फोन क्यों रखती है? इतना सुनते ही संचालक गुस्से से बेकाबू हो गया। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है छात्रा को बालों से पकडक़र घसीटा और जमीन पर पटककर घुटनों के बल बेरहमी से पीटा। पीड़ित छात्रा रोती हुई घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। मामला पंचायत तक पहुंचा, जहां ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, तभी दोबारा इस तरह की हरकतें रुकेंगी।

### शिक्षा विभाग पर संरक्षण देने के लगाए आरोप

ढाणी भोजराज स्थित नवज्योति पब्लिक स्कूल में 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के साथ मारपीट के मामले में शिक्षा विभाग की भूमिका सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खंड शिक्षा अधिकारी निर्मला सिहाग ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और आरोपी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। खास बात यह है कि उक्त स्कूल की मान्यता केवल 10वीं तक है, फिर भी लंबे समय से 11वीं-12वीं की कक्षाएं संचालित की जा रही थीं, जो शिक्षा विभाग की लापरवाही और संरक्षण की ओर इशारा करती है। जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने कहा कि स्कूल संचालक द्वारा मान्यता से अधिक कक्षाएं चलाना नियमों का उल्लंघन है और इसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### छात्राओं से अभद्रता पर कड़ा संदेश

बाबा शुक्राईनाथ का कहना है कि नवज्योति स्कूल ढाणी भोजराज-सांचला के सुभाष चंद्र नामक अध्यापक द्वारा किशोर छात्राओं के साथ मारपीट करना निंदनीय ही नहीं, बल्कि दंडनीय अपराध है। ऐसे लोग शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र को कलंकित करते हैं। बाबा शुक्राईनाथ ने कहा कि महिला आयोग व हरियाणा सरकार को इस प्रकरण पर कठोर से कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। स्कूल की मान्यता रद्द कर ताला लगाना आवश्यक कदम होगा, ताकि भविष्य में कोई भी विद्यार्थियों के सम्मान व सुरक्षा से खिलवाड़ न कर सके।

# एसडीएम की चेतावनी, अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का सामान होगा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को नगरपालिका अधिकारियों और पुलिस दल के साथ शहर के विभिन्न मुख्य बाजारों का दौरा किया और दुकानदारों को समझाया गया। उन्होंने दुकानदारों को दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि शहर की बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए जरूरी है कि सडक़ों पर दुकानदार अपना सामान डालकर अतिक्रमण न करें। अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का सामान जब्त किया जाएगा। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि शहर के मुख्य बाजार और शहीद भगत सिंह चौक सहित मैन स्थानों में कई बार जाम जैसी स्थिति पैदा हो जाती है और लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना प्रशासन की जिम्मेदारी है तथा शहर के दुकानदारों का भी दायित्व बनता है कि वे व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें अन्यथा प्रशासन सख्त रुख अपनाने को मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नियमित अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी।




रतिया। बाजार का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

# 3600 नशीले कैप्सूल सहित दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की फतेहाबाद टीम ने जिले में बड़ी कार्यवाही करते हुए 3600 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद कर दो अंतरराज्यीय नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। यूनिट के प्रभारी उप निरिक्षक तरसेम सिंह ने कहा कि ब्यूरो प्रमुख एवं पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा-निर्देशों पर पूरे प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यवाही को पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के नेतृत्व में अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि यूनिट की एक टीम एसआई जयवीर सिंह के साथ नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु थाना सदर फतेहाबाद एरिया मे नेशनल हाईवे नं. 9 पर स्थित गांव बडोपल में नहर के पास मौजूद थी। तभी एसआई जयवीर सिंह को गुप्त सूचना मिली कि दो अंतरराज्यीय नशा तस्कर जोकि नशीली गोलियां/कैप्सुल बेचने का धन्धा करते हैं और अभी नशीली दवाइयों की खेप के साथ बड़ोपल गांव में शमशान घाट के पास सर्विस रोड़ पर गाड़ी लेकर खड़े हैं और नशीली दवाइयों की तस्करी करने की फिराक में है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए टीम ने संदिग्धों को मौके से काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों की कार में रखे एक कट्टे से 3600 नशीले ट्रामाडोल कैप्सूल की बड़ी खेप बरामद हुई। इसके अलावा आरोपियों के पास से दो मोबाइल भी बरामद हुए है।



फतेहाबाद। नशीले कैप्सूल सहित पकड़े गए राजस्थान के दोनों युवक। फोटो : हरिभूमि

### राजस्थान से लाकर करते थे सप्लाई

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी राजस्थान से नशीली दवाइयों की सप्लाई लेकर फतेहाबाद और आसपास के जिलों में करने की फिराक में थे। बरामद ट्रामाडोल कैप्सूल अवैध रूप से परिवहन कर बिक्री हेतु ले जाए जा रहे थे, ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त में फंसा कर अवैध मुनाफा कमाया जा सके। इसके अतिरिक्त आरोपियों के द्वारा तस्करी मे इस्तेमाल गाड़ी को भी पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गया है। अब आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर सप्लाई चेन की गहनता से जांच की जाएगी।

### मॉडिफाई साइलेंसर पर बुलेट का साढ़े 38 हजार रुपये का चालान

**फतेहाबाद।** टोहाना में ट्रैफिक पुलिस ने मॉडिफाई साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिल का 38 हजार 500 रुपए का चालान किया है। यह कार्रवाई ट्रैफिक इंचार्ज धर्मचंद के नेतृत्व में शहर के विभिन्न इलाकों में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अभियान के दौरान गलत पार्किंग और गलत साइड ड्राइव करने वाले 30 वाहनों के भी चालान काटे गए। पुलिस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भविष्य में कोई भी वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन न करे। ट्रैफिक इंचार्ज धर्मचंद ने बताया कि यह अभियान एसपी फतेहाबाद सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार पिछले कई दिनों से चल रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस पहले लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करती है, लेकिन बार-बार नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है। पुलिस ने शहर के हिसार रोड, कैंची चौक, चांदगढ़ रोड, नहर पुल और अन्य मुख्य मार्गों पर नाके लगाकर वाहनों की जांच की। इस दौरान कई चालान काटे गए और लोगों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई।

# शराब ठेके पर लूट का मामला, भूना पुलिस ने चार युवकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

भूना में उकलाना रोड स्थित शराब ठेके पर जबरन घुसने और लूटपाट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमन पुत्र महाबीर, नवीन पुत्र सतपाल, नवदीप पुत्र दलेल तथा सुशील उर्फ शीलु पुत्र रमेश निवासी जाण्डली खुर्द के रूप में हुई है। थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पवन कुमार पुत्र प्रभुराम निवासी वार्ड नंबर 11, भुना ने शिकायत दर्ज करवाई थी। पवन कुमार ने कहा कि वह उकलाना रोड स्थित अंग्रेजी व देशी शराब ठेके पर बतौर सैल्समैन कार्यरत है। 1 दिसम्बर की शाम को लगभग 7:30 बजे चार युवक ठेके पर आए। इनमें से सुशील उर्फ शीलु ने दो बोतल शराब ली और कुछ देर बाद सभी युवक दोबारा आए तथा बिना पैसे दिए शराब लेने का प्रयास किया। जब प्रार्थी ने पैसे मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और ठेके का गेट खोलकर जबरदस्ती अंदर घुस गए। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की तथा ठेके की गुल्लक खोलकर 5-7 हजार रुपये निकाल लिए। उन्होंने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दी और कहा कि यदि शराब के पैसे मांगे तो रात को ठेका जला देंगे।



भूना। ठेके से लूटपाट मामले में गिरफ्तार चारों युवक। फोटो : हरिभूमि

# वाहनों पर रिफलेक्टर लगाएं: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा सर्दियों का मौसम शुरू हो चुका है और इस मौसम में धुंध का काफी प्रभाव रहता है, जिसके चलते सड़क हादसों का अंदेशा बना रहता हैं। ऐसे सड़क हादसों को रोकने के लिए जिला सिरसा पुलिस द्वारा निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि ऐसे सड़क हादसों पर रोक लगाई जा सके ताकि सड़कों पर चलते समय लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस करें। सिरसा पुलिस ने अब ठंड व कोहरे के मद्देनजर ओवर स्पीड और लाइन चेंज कर नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों के ऊपर शिकंजा कसा दिया है,क्योंकि ज्यादातर हादसे इनकी वजह से ही होते हैं। पुलिस ने वाहन चालकों से अतिरिक्त सावधानी बरतें और ट्रैफिक नियमों पर पूरी तरह से ध्यान रखकर वाहनों को चलाने की हिदायत दी है,ताकि लोग सुरक्षित सफर कर सकें और किसी सडक़ दुर्घटनाओं में कमी आ सके। एसपी ने वाहन चालकों को धुंध के दौरान सडक़ हादसों को लेकर पूरी तरह आगाह करते हुए कहा है कि मौसम में बदलाव के चलते अक्सर सड़क हादसे हो जाते हैं। अगर वाहन चालक थोड़ी सी भी सावधानी बरतें तो कोहरे में होने वाली सडक दुर्घटनाओं से आम जनमानस को बचाया जा सकता है।घने कोहरे में सडक के बाएं किनारे को देखकर गाडी चलाएं यह कोहरे में सडक पर सुरक्षित चलने का अच्छा तरीका है,आगे वाले वाहन से गाडी निश्चित दूरी पर रखें तथा वाहन की हेड लाइट को हाइबीम पर न रखे।

- सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए की अपील

# कार सवार तीन चूरापोस्त तस्कर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने गांव खैरेकां क्षेत्र से कार सवार तीन नशा तस्करों को साढ़े तेरह किलोग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम एनएच-9 गांव खैरेंका से होते हुए गांव सहारणी की तरफ जा रही थी। इसी दौरान टी प्वांइट सहारणी की तरफ एक कार आती दिखाई दी।कार में सवार युवको ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक कार को वापस मोड़कर वापस भागने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार पर कार सवार युवकों को काबू कर कार की तलाशी ली तो कार की डिग्गी से एक प्लास्टिक का थैला बरामद हुआ। थैले की तलाशी ली तो 13 किलो 680 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नरेंद्र कुमार पुत्र जसवंत सिंह निवासी माधोसिंघाना सिरसा, रणजीत सिंह पुत्र हरनेक सिंह निवासी भंगू व सुखवीर सिहं निवासी शेखुपूरिया हाल निवासी गांव भंगू जिला सिरसा के रुप में हुई है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ थाना सदर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि सदर थाना पुलिस ने जांच के दौरान तीनों युवकों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। आरोपियों से पूछताछ कर डोडा चूरा पोस्त तस्करी के इस नेटवर्क से जोड़े अन्य लोगों के नाम पते मालूम कर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



सिरसा। पकड़े गए चूरापोस्त तस्कर।

- 13 किलो 680 ग्राम डोडा चूरा पोस्त किया बरामद
- मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज

अभियान | अवैध गतिविधियों और संदिग्ध तत्वों की हरकतों पर अंकुश लगाना उद्देश्य

# पुलिस ने रत्ताखेड़ा में की छापामारी, डॉग स्क्वाड व कमांडो के साथ संयुक्त सर्च ड्राइव

व्यक्तियों से पूछताछ और वाहनों की बारीकी से जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस ने नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने के उद्देश्य से रतिया उपमंडल में तलाशी अभियान चलाया। ऑपरेशन जीवन ज्योति के अंतर्गत किए गए इस अभियान का मकसद क्षेत्र में सक्रिय नशा तस्करों, अवैध गतिविधियों और संदिग्ध तत्वों की हरकतों पर पूरी तरह अंकुश लगाना था। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने तड़कें सुबह गांव रत्ताखेड़ा पर विशेष फोकस रखते हुए व्यापक खोज अभियान आरंभ किया।



रतिया। गांव रत्ताखेड़ा में सर्च अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस की मजबूत मौजूदगी ने क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को सतर्क कर दिया। लगातार गश्त से मुख्य चौकों, गलियों और संभावित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में सुरक्षा माहौल और अधिक मजबूत हुआ। पुलिस टीमों ने कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की, दोपहिया व चारपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की और कुछ जगहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर स्थिति को सख्त निगरानी में रखा। अभियान दोपहर तक निरंतर चलता रहा। उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने कहा कि रतिया में नशे के खिलाफ यह मिशन पूरी दृढ़ता के साथ जारी रहेगा। नशे का कारोबार करने वालों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

### घर-घर दस्कत देकर जानकारी जुटाई

पुलिस बल के साथ डॉग स्क्वाड और कमांडो यूनिट को भी तैनात किया गया, जिन्होंने गांव की मुख्य गलियों, घरों के आसपास, सुनसान रास्तों, ढाणियों तथा खेतों की तरफ जाने वाले कच्चे मार्गों पर गहन चेकिंग की। पुलिस ने घर-घर दस्तक देकर जानकारी जुटाई गई।



# कोरिया में 8 दिसंबर को रिलीज होगी लव इन वियतनाम...

**मुंबई।** शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर स्टारर 'लव इन वियतनाम' चार महीने पहले अगस्त में भारत में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब भारत के बाद 'लव इन वियतनाम' कोरिया में रिलीज होने वाली है। राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित 'लव इन वियतनाम'8 दिसंबर को कोरिया में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म भारत में 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। यह सबाहतिन अली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास 'मैडोना इन अ फर कोट'से प्रेरित एक दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी है। यह हिंदी सिनेमा में भारत-वियतनाम के बीच पहला सहयोग है। लव इन वियतनाम के कोरिया में रिलीज होने पर फिल्म की कास्ट ने खुशी जताई।



## लाइफ Style


# एला
## खूबसूरत लुक से लूटी लाइमलाइट

एजेंसी ▶▶ पेरिस

पेरिस में हर साल 'ले बाल डेस डेब्यूटेंट्स' आयोजित होता है, जिसे ले बाल भी कहा जाता है। यह एक सालाना फैशन इवेंट हैं, जहां दुनियाभर के प्रतिष्ठित व शाही परिवारों की बेटियां डेब्यू करती हैं। इस साल एला वाडिया ने उपस्थिति दर्ज कराई और अपने लुक से इस इवेंट में छा गईं।

फैशन इवेंट 'ले बाल' हर साल नवंबर में पेरिस में आयोजित होता है। यहां दुनियाभर के फिल्म, राजनीति, बिजनेस व अन्य प्रतिष्ठित घरानों की बेटियां इंटरनेशनल सोसाइटी के सामने औपचारिक रूप से रूबरू होती हैं। यह सिर्फ फैशन से जुड़ा इवेंट नहीं है, बल्कि इसका ताल्लुक पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा और प्रतिष्ठा से भी है। इस बार भारतीय एला वाडिया ने भी इवेंट में उपस्थिति दर्ज कराई और छा गईं। पेरिस के इस इवेंट में भारतीय नाम एला वाडिया की चर्चा हो रही है। मगर, उनका कनेक्शन मोहम्मद अली जिन्ना से है। बता दें कि एला वाडिया भारत के प्रतिष्ठित बिजनेस घराने वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता जहांगीर वाडिया का ताल्लुक बॉम्बे डाइंग, बॉम्बे रियलिटी और गो फर्स्ट जैसी कंपनियों से रहा है। वहीं, मां सेलीना वाडिया फैशन डिजाइनर हैं। एला वाडिया अगर भारत के वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं तो मोहम्मद अली जिन्ना से उनका कनेक्शन कैसे हुआ? इसका जवाब यह है कि जिन्ना की बेटी दीना जिन्ना ने नेविल वाडिया से शादी की थी। उनके बेटे नुस्ली वाडिया हुए। नुस्ली वाडिया ग्रुप के चेयरमैन हैं। उनके दो बेटे-नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सम्राट

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून अकेले ऐसे निर्देशक हैं जिनकी दो फिल्मों ने दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर नंबर 1 का ताज पहना, टाइटैनिक और अवतार. नोलन की फिल्मों ने भी शानदार सफलता हासिल की है, लेकिन कैमरून की फिल्मों का प्रभाव ऐसा है जिसके सामने हर रिकॉर्ड छोटा पड़ जाता है। वे सिर्फ फिल्में नहीं बनाते, वे बॉक्स ऑफिस की दिशा बदल देते हैं। नोलन कहानी और संरचना के उस्ताद हैं, लेकिन कैमरून ने सिनेमा की तकनीक का भविष्य गढ़ा है।




# शादी के 7 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 7 साल बीत चुके हैं। मंगलवार को प्रियंका और निक की वेडिंग एनिवर्सरी थी। इस खास मौके पर निक ने प्रियंका की एक हॉट तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की और एक खास नोट भी लिखा। इसमें प्रियंका समुद्र किनारे लेटी हुई हैं, पीठ कैमरे की तरफ है। निक ने लिखा, 'मेरी ड्रीम गर्ल से शादी को 7 साल हो गए।' कथित तौर पर प्रियंका और निक की लव स्टोरी की शुरुआत ट्विटर से हुई थी। दरअसल, निक ने ट्विटर (एक्स) पर प्रियंका को मैसेज भेजा था। फिर दोनों मैसेज करने लगे। साल 2017 में पहली बार वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में मिले। इसके बाद 2017 के मेट गाला में साथ रेड कार्पेट पर नजर आए। 2018 में इनकी डेटिंग की खबरें आईं।



# मिसेज देशपांडे का ट्रेलर रिलीज...


**मुंबई।** एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने नए शो 'मिसेज देशपांडे' के साथ ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नागेश कुकुनूर के निर्देशन में बना शो 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि माधुरी दीक्षित का किरदार कुछ लोगों को रस्सी के जरिए मार देता है। पुलिस केस की जांच करती है और कहती है कि इन लोगों को नायलॉन की रस्सी से मारा गया है और शीशे के सामने बॉडी को रखा गया है। लगता है 25 साल पहले वाली कोई सीरियल किलर है। ट्रेलर में पुलिस माधुरी से पूछताछ करती हैं। माधुरी कहती हैं, मैं यहां अंदर हूं। इसका मतलब कोई बाहर है, जो मेरी नकल कर रहा है। इसके बाद माधुरी पुलिस वाले से डील करती हैं। वह कहती हैं आपको मेरी मदद की जरूरत है लेकिन मुझे बदले में कुछ चाहिए।



# धुरंधर के टाइटल ट्रैक पर किया धांसू डांस

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार को रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' का म्यूजिक एल्बम लॉन्च हुआ। इस मौके पर रणवीर ने फिल्म के टाइटल ट्रैक पर मंच पर खूब डांस किया और अपनी धमाकेदार एनर्जी से सबको हैरान कर दिया। रणवीर का यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस कार्यक्रम में रणवीर के साथ अभिनेत्री सारा अर्जुन और रैपर-गायक हनुमानकाइंड भी मौजूद थे। रणवीर पूरे काले कपड़ों में थे और बहुत स्टाइलिश लग रहे थे। जैसे ही टाइटल ट्रैक बजा, वे मंच पर नाचने लगे और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। यह गाना हनुमानकाइंड और जैस्मीन सैंडलस ने गाया है। रणवीर का यह डांस सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। फैंस ने सोशल मीडिया पर रणवीर की तारीफों के पुल बांधे हैं।

## टीवी मसाला



# 7वें सीजन के साथ लौट रहा एकता का सुपर नेचुरल शो नागिन...

**नई दिल्ली।** एक और मजेदार ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि एकता कपूर का मोस्ट अवेटेड शो नागिन सातवें सीजन के वापस आ रहा है। जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी को रहस्यमयी नागिन का रोल निभाने के लिए लिया गया है। 29 साल की एक्ट्रेस को बिग बॉस सीजन 16 में सेकंड रनर-अप रहने के बाद पहचान मिली थी। प्रियंका से पहले नागिन का आइकॉनिक रोल मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश ने किया था। इस शो को दर्शकों ने बहुत पसंद किया है और अब एकता कपूर के शो का 7वां सीजन फिर से भरपूर एंटरटेनमेंट करने के लिए तैयार है। हिंदी सोप-ओपेरा का सातवां सीजन 27 दिसंबर से कलर्स टीवी चैनल पर हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे एयर होना शुरू होगा। नागिन सीजन 7 उसी तारीख को उसी समयजियोहॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। सीजन 7 इस दिसंबर में अपना जादू चलाने के लिए तैयार है। नागिन सीजन 7 के लेटेस्ट प्रोमो में प्रियंका चाहर चौधरी को एक मासूम औरत से रूप बदलने वाली नागिन में बदलते हुए दिखाया गया है। कहानी महाकुंभ मेले पर सेट है, जो एक आने वाले 'महायुद्ध' (बड़े युद्ध) का इशारा देती है। जहां ईशा सिंह का कैरेक्टर प्रियंका के साथ नाग मंदिर को घूरता हुआ दिखाई देता है, जिसका डुअल-लुक सामने आता है, वहीं करण कुंद्रा का कैरेक्टर चेतावनी देता है कि तबाही शुरू हो गई है।


## मैं शेर नहीं जंगल का मालिक हूं : गौरव

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब खत्म होने जा रहा है। शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने वाला है, जिसमें पता चल जाएगा कि इस साल बिग बॉस की ट्रॉफी कौन अपनो घर लेकर जाने वाला है। शो के फिनाले वीक में मीडिया कंटेस्टेंट से मिलने के लिए आती है जिसमें पूरे सीजन के तीखे सवाल उनसे पूछे जाते हैं। इस सीजन में मीडिया एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ है, जो आजतक बिग बॉस की हिस्ट्री में नहीं हुआ है। गौरव खन्ना कहते हैं, 'अगर मैं जनता के प्यार से विनर बन गया तो मैं आपको बता रहा हूं शायद आप न माने, ये बहुत से लोगों के लिए इंस्पिरेशन रहेगा कि आप बिना गाली-गलौज किए, बिना गलत स्टैंड लिए भी शो जीत सकते हैं। अगर मैं अभिनय कर रहा हूं तो मुझे ऑस्कर दिया जाए। कोई भी एक्टर ऐसे शो में 24 घंटे इस तरह से एक्टिंग नहीं कर सकता है। ये बात मैं नहीं हमारे शो के सुपरस्टार सलमान सर हैं, उन्होंने ही बोला है। हैट्स ऑफ इस लड़के को अगर ये एक्टिंग है। मैं शेर नहीं, उस जंगल का मालिक हूं, जिसमें शेर छुपकर घूमते हैं।' गौरव का ये जवाब सुनकर रिपोर्ट्स उनके लिए ताली बजाने लगते हैं।



# राजासाब से बोमन का हाथ में छड़ी
## तिरछी नजर और इंटेंस लुक आउट

**नई दिल्ली।** हॉरर फैंटेसी फिल्म 'द राजासाब' के मेकर्स ने बोमन ईरानी के जन्मदिन पर उनका एकदम नया लुक पोस्टर दिखाया, जो इंडियन सिनेमा के सबसे वर्सेटाइल परफॉर्मर्स में से एक को ट्रिब्यूट है। मारुति के डायरेक्शन में बनी 'द राजासाब' एक आने वाली तेलुगु फिल्म है जिसमें प्रभास लीड रोल में हैं और यह जनवरी 2026 में संक्रांति के त्योहार के मौसम में थिएटर में रिलीज होगी। द राजासाब में बोमन ईरानी एक साइकेट्रिस्ट, हिप्नोटिस्ट और पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर का रोल निभा रहे हैं। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जो इंटेलेक्चुअल और मिस्टीसिज्म से भरा हुआ है। फिल्म के ट्रेलर में पहले ही दिखाया गया है कि वह प्रभास के हीरो को हिप्नोसिस में डालते हैं, जिससे कहानी का पहला बड़ा ट्विस्ट आता है और कहानी की इमोशनल पल्स शुरू होती है। राजासाब को पीपल मीडिया



फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और संजय दत्त भी हैं। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

# वो पांच अभिनेत्रियां, जिन्होंने अपनी सहेली के पति से रचाया विवाह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी लव स्टोरीज हुई हैं जो दोस्ती से प्यार में बदल गईं, लेकिन कुछ मामलों में ये विवादों का कारण भी बनीं। यहां हम बात कर रहे हैं उन पांच एक्ट्रेस की, जिन्होंने अपनी करीबी सहेली के पति से शादी की। बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने अपनी सहेली के पति से शादी रचाई है, भले ही वो उनकी दूसरी बीवी कहलाईं। इस लिस्ट में पांच अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं, जिनके बारे में सुनकर आपको जरूर हैरानी होगी। ये बॉलीवुड की सबसे कंट्रोवर्शियल लव स्टोरीज में से एक हैं, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी जरूर होगी।

***हंसिका मोटवानी*** : टीवी, साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं हंसिका ने 2022 में बिजनेसमैन सोहेल कठूरिया से शादी की। लेकिन शादी से पहले ये खबरें आईं कि सोहेल उनकी दोस्त रिंकी बाजाज के पहले पति थे। रिंकी के साथ उनकी दोस्ती टूट गई और ये मामला काफी चर्चा में रहा। हालांकि, हाल ही में रिपोर्ट्स में उनकी शादी में दरार और उनके अलग रहने की अफवाहें सामने आई थीं।





***शिल्पा शेट्टी*** : फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी ने 2009 में राज कुंद्रा से शादी की। राज पहले कविता कुंद्रा से शादीशुदा थे, जो शिल्पा की अच्छी दोस्त थीं। तलाक के बाद राज और शिल्पा ने शादी की, जिससे बॉलीवुड में खूब गॉसिप हुई। आज दोनों खुशहाल हैं और दो बच्चों के माता-पिता हैं।

***अमृता अरोड़ा*** : *मलाइका अरोड़ा की बहन अमृता ने 2002 में बिजनेसमैन शकील लदाक से शादी की। शकील पहले निशा राणा से शादीशुदा थे, जो अमृता की क्लोज फ्रेंड थीं। तलाक के बाद अमृता ने शकील से शादी की। ये जोड़ी आज भी स्ट्रॉन्ग है। शकील की नेट वर्थ करीब 87 करोड़ रुपये बताई जाती है।*

***सोनिया कपूर*** : *टीवी एक्ट्रेस सोनिया कपूर ने 2018 में हिमेश रेशमिया से शादी की। हिमेश पहले कोमल से शादीशुदा थे, और कोमल सोनिया की अच्छी सहेली थीं। 2017 में हिमेश-कोमल का तलाक हुआ, उसके बाद सोनिया ने हिमेश से शादी की। इस शादी ने भी काफी सुर्खियां बटोरीं।*

***रवीना टंडन*** : *रवीना ने 2004 में फिल्ममेकर अनिल थडानी से शादी की। अनिल पहले नताशा सिप्पी से शादीशुदा थे, जो बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोमू सिप्पी की बेटी और रवीना की बेस्ट फ्रेंड थीं। रवीना और अनिल की मुलाकात फिल्म 'स्टंप्ड' के सेट पर हुई, और अनिल के तलाक के बाद दोनों ने शादी कर ली।*

## पहली बार किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने छुई हैं इतनी ऊंचाइयां

# रिलीज से पहले ही इस सस्पेंस थ्रिलर ने कमाए 350 करोड़

***नई दिल्ली।*** *बॉक्स ऑफिस पर कमाई की तय करती है कि कोई फिल्म सक्सेसफुल हुई या नहीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के लिए पहले फिल्म को थिएटर्स में रिलीज होना पड़ता है, जिसके बाद ऑडियंस फिल्म देखती है और अगर फिल्म अच्छी निकली तब ज्यादा से ज्यादा दर्शक उसे देखने आते हैं। लेकिन, एक फिल्म ऐसी भी है जिस पर लोग आंख मुंदकर भरोसा कर रहे हैं, वो भी इतना कि अभी इस फिल्म का एक सीन भी शूट नहीं हुआ है और इसने बिना रिलीज हुए ही 350 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

### लोका : चैप्टर 1 को छोड़ा पीछे

यह एक मलयालम फिल्म है जिसकी शूटिंग अभी शुरू भी नहीं हुई है और इसने पहले ही 350 करोड़ रुपए की जबरदस्त कमाई कर ली है। यह फिल्म है दृश्यम 3 जो सबसे सफल सिनेमाई फ्रेंचाइजी में से एक का आखिरी चैप्टर है, जिसका सबको इंतजार था और इसकी प्री-रिलीज कमाई ने अब हाल की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें मशहूर लोकाः चैप्टर 1 भी शामिल है।

### दृष्यम 3 को लेकर बढ़ा क्रेज

मोहनलाल और जीतू जोसेफ दृष्यम 3 को लेकर वापस आ गए हैं और फिल्म को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं, खासकर प्रोड्यूसर एम रंजीत के एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद। फिल्म के बारे में बात करते हुए, रंजीत ने कन्फर्म किया कि प्रोजेक्ट ने प्री-रिलीज बिजनेस में पहले ही 350 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के पैनोरमा स्टूडियोज ने फिल्म के थिएट्रिकल, ओवरसीज और डिजिटल राइट्स के साथ-साथ हिंदी वर्जन बनाने के राइट्स भी खरीद लिए हैं। इस डील ने मलयालम इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क सेट किया है, यह पहली बार है जब किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने बिना फुटेज, टीजर या स्टिल्स के इतनी ऊंचाइयां छुई हैं।

### कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई



बारह सालों में दृश्यम एक मामूली बजट वाली सस्पेंस ड्रामा से मलयालम कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई है। पहली फिल्म ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए, दूसरी ने महामारी को हराकर 350 करोड़ रुपए का आंकड़ा छुआ और तीसरी ने एक भी फ्रेम कैप्चर होने से पहले ही रिकॉर्ड बना दिए। अब सबसे बड़ा सस्पेंस बॉक्स ऑफिस नंबर्स में नहीं, बल्कि कहानी में है, कौन सी कहानी उन उम्मीदों के लेवल से मेल खा सकती है जो उसने पहले ही जगा दी हैं? सिर्फ जीतू जोसेफ और मोहनलाल के पास स्क्रिप्ट है और देश भर के दर्शक यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरी चैप्टर कैसे सामने आएगा।

### रिलीज से पहले मचाई हलचल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दृश्यम 3 ने शूटिंग शुरू होने से पहले ही 350 करोड़ रुपए के क्लब में एंट्री कर ली है। एक प्रोजेक्ट जो अभी भी प्रोडक्शन स्टेज में है, इस कामयाबी ने फिल्म ट्रेड और फैंस दोनों में हलचल मचा दी है। जो बात इस कामयाबी को और भी खास बनाती है, वह है वह सफर जिसने इस फ्रेंचाइजी को यहां तक पहुंचाया। जब दृश्यम पहली बार 2013 में रिलीज हुई थी, तो यह सिर्फ 3 करोड़ रुपए में बनी एक छोटी मलयालम थ्रिलर के तौर पर आई थी। पहली फिल्म से यह दर्शको के बीच एक पसंदीदा थ्रिलर बन गई और इसके दूसरे पार्ट को भी अपार सफलता मिली।

### हिंदी वर्जन में की धांसू कमाई

जीतू जोसेफ के डायरेक्शन में बनी और मोहनलाल और मीना स्टारर यह फिल्म जल्द ही पूरे देश में सेंसेशन बन गई, यहां तक कि जापान में भी इसके बहुत सारे फैंस बन गए। इसकी दिलचस्प कहानी ने जल्द ही तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रीमेक बनाने की प्रेरणा दी। जीतू जोसेफ ने खुद कमल हासन के साथ तमिल अडैप्टेशन डायरेक्ट किया, जबकि श्रीप्रिया ने तेलुगु वर्शन की जिम्मेदारी संभाली, पी वासु ने कन्नड़ रीमेक को डायरेक्ट किया और स्वर्गीय निशिकांत कामत ने अजय देवगन और श्रेया सरन स्टारिंग हिंदी एडिशन को डायरेक्ट किया। अकेले हिंदी वर्जन ने लगभग 1,800 करोड़ रुपए कमाए, जिससे इस फ्रैंचाइजी की पहचान भारत की सबसे मजबूत स्टोरीटेलिंग एक्सपोर्ट्स में से एक के तौर पर पक्की हो गई।

## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना में आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** महिला थाना फतेहाबाद ने दहेज प्रताडऩा प्रकरण में कार्रवाई करते हुए आरोपी सुखदीप सिंह पुत्र राजविन्द्र सिंह निवासी देसुमलकाना, जिला सिरसा को काबू किया। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि प्रार्थी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी शादी 20 जनवरी 2019 को हुई थी। उसके पिता द्वारा दोषियों की मांग के अनुसार 15 तोले सोना, 4 लाख की गाड़ी, 6 लाख नकद और अन्य दहेज सामग्री दी गई थी। विवाह समारोह में भी अतिरिक्त 5-6 लाख रुपये खर्च किए गए।

### कृषि उपकरणों की हुई वेरिफिकेशन

**फतेहाबाद।** जिला फतेहाबाद में फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत किसानों को अनुदान पर उपलब्ध कराए गए 1089 कृषि यंत्रों की कृषि विभाग द्वारा वेरिफिकेशन की प्रक्रिया जारी है। यह वेरिफिकेशन कार्य फतेहाबाद, रतिया तथा धारसूल कलां इन तीन स्थानों पर किया जा रहा है। वेरिफिकेशन के दौरान सहायक कृषि अभियंता इंजीनियर पवन कुमार, खंड कृषि अधिकारी डॉ. महेंद्र, कृषि विकास अधिकारी डॉ. अंकित ढिल्लों, डॉ. अमित कुमार तथा कृषि पर्यवेक्षक नवीन, भरत, मुनीश, अनिल सहित अन्य विभागीय स्टाफ मौजूद रहे। आज कुल 517 सुपर सीडर की वेरिफिकेशन पूर्ण की गई है।

### सिरसा के दो खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन

**सिरसा।** 9 टू 1 स्कॉलर हेवन विद्यालय के दो विद्यार्थियों हरदिल और शिवम का चयन तीरंदाजी में इंटरनेशनल लेवल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। स्कूल प्रिंसीपल अंजू शर्मा ने बताया कि दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय कोच डॉ. विपिन कंबोज के नेतृत्व और प्रशिक्षण में लगातार तैयारी कर रहे थे। उनकी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें चीन में होने वाली अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। विद्यालय परिवार, कोच और अभिभावकों ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि छात्रों की यह उपलब्धि विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने बताया कि शिवम व हरदिल ने तीरंदाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर नाम रोशन किया है।

## जिलेभर में ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत जागरुकता अभियान जारी

# नशा मुक्ति टीम ने टोहाना में नुक्कड़ सभाओं से मजदूरों को किया जागरूक


**टोहाना।** अनाज मण्डी में मजदूरों को जागरूक करते नशामुक्ति टीम से एसआई सुंदर। फोटो : हरिभूमि

- लोगों को नशे के दलदल से बाहर निकालना मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिलेभर में ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशा मुक्ति व जागरूकता अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद ने एसआई सुंदर के नेतृत्व में टोहाना क्षेत्र में व्यापक जागरूकता गतिविधियां संचालित करते हुए मजदूर वर्ग को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। टीम ने टोहाना की अनाज मंडी स्थित अलग-अलग स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर लोगों को नशे से दूरी बनाए रखने, नशे के दुष्परिणामों से परिवार और समाज पर पडऩे वाले प्रभावों तथा नशा मुक्ति के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एसआई सुंदर ने बताया कि नशा मुक्ति टीम का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर मजदूरों, युवाओं और नशे की चपेट में आए लोगों तक पहुंचकर उन्हें पुनः सामान्य जीवन की ओर वापस लाना है।

### 8 ड्रग पीड़ितों को चिन्हित किया

एसआई सुंदर ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि कई बार जागरूकता की कमी के कारण लोग नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं, इसलिए ऐसे जागरूकता अभियान अत्यंत आवश्यक हैं। टीम के सदस्यों ने उपस्थित लोगों से संवाद स्थापित कर यह समझने का प्रयास किया कि किन कारणों से नशे की प्रवृत्ति बढ़ती है और इससे समाज को किस प्रकार नुकसान पहुंचता है। इसके साथ ही उन्होंने मजदूरों से नशा मुक्ति अभियान में सहयोग देने और अपने आसपास नशे का सेवन करने वाले व्यक्तियों को पहचान कर टीम को सूचित करने की अपील की। अभियान के दौरान मजदूरों के सहयोग से 8 ड्रग पीड़ितों को चिन्हित किया गया, जिन्हें काउंसलिंग के लिए नशा मुक्ति केंद्र भेजा गया। वहीं गांव चन्दड कलां के एक पीड़ित युवा को परामर्श प्रदान कर आयुर्वेदिक दवा उपलब्ध कराई गई, ताकि वह नशे से बाहर निकलकर सामान्य जीवन की ओर आगे बढ़ सके। नशा मुक्ति टीम द्वारा निरंतर इस प्रकार की गतिविधियाँ चलाकर क्षेत्र के लोगों को नशा मुक्त समाज बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## नशा तस्करों की सूचना पुलिस को देंगे

# नशे के खिलाफ आरएमपी की हुई बैठक, लिया फैसला


**सिरसा।** बैठक में भाग लेते आरएमपी। फोटो : हरिभूमि

- सैकड़ों मेडिकल प्रैक्टिशनरों ने भाग लिया

**सिरसा।** युवक साहित्य सदन में आयुर्वेदिक अनुभवी चिकित्सक समाज समिति की मासिक बैठक हुई, जिसमें नशे के खिलाफ अहम फैसला लिया गया। प्रदेशाध्यक्ष राजपाल वर्मा ने बताया कि ग्रामीण अंचल में नशे का प्रभाव हैं और आरएमपी इस पर नियंत्रित करने में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। इसलिए आज की उस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नशे के खिलाफ आरएमपी मुहिम चलाते हुए नशा तस्करों की सूचना पुलिस के बड़े अधिकारियों को देंगे। बैठक में विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों मेडिकल प्रैक्टिशनरों ने भाग लिया।

### मेडिकल प्रैक्टिशनर समाज का एक महत्वपूर्ण अंग

डॉ. राजपाल वर्मा ने कहा कि ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर समाज का एक महत्वपूर्ण अंग हैं, जो वर्षों से अपने अनुभव व मेहनत के दम पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि संगठन कई बार मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इन प्रैक्टिशनरों के रजिस्ट्रेशन की मांग उठा चुका है, लेकिन सरकार द्वारा बार-बार इस मांग को अनदेखा किया जा रहा है। इसी कारण कई प्रैक्टिशनर भय और असुरक्षा की स्थिति में कार्य करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि संगठन जल्द ही पुनः सरकार के समक्ष अपनी मांगें मजबूती से उठाएगा, ताकि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाया जा सके तथा प्रैक्टिशनरों को सम्मानपूर्वक काम करने का अधिकार मिल सके।


**फतेहाबाद।** जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए डीईओ संगीता बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

## जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर

# जिले के 20 विद्यालयों से 120 विद्यार्थी ले रहे भाग

- जिला शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के मार्गदर्शन तथा सचिव रामजी लाल की देखरेख में पांच दिवसीय शिविर जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई व स्कूल प्राचार्या अमिता सिंह द्वारा किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के 120 जूनियर रेडक्रॉस विद्यार्थियों को मानवहितकारी गतिविधियों की जानकारी दी जा रही है ताकि भविष्य में यहीं जूनियर एक सुदृढ़ समाज के निर्माण का हिस्सा बन सकें और भारत देश विकसित हो सके। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के कैंप निदेशक दलबीर सिंह ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन का आरंभ रेडक्रॉस एवं प्रभु की प्रार्थना के साथ हुआ।

उसके उपरांत रिसोर्स पर्सन मुकेश बंसल ने जल संरक्षण, वंदना शर्मा ने मोबाइल के दुष्प्रभाव, शर्मा चंद लाली द्वारा नशा मुक्ति हेतु प्रेरित किया गया। रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष सुरेंद्र चुघ द्वारा रेडक्रॉस की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

### प्रथम टीम को राज्य स्तरीय कैंप में भेजा जाएगा

जिला नोडल कृष्ण कुक्कड़ ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में जिले के 20 स्कूलों में 120 भाग ले रहे हैं इनमें से जो टीम प्रथम आएगी उसे कुरुक्षेत्र में 7 से 16 दिसंबर में होने वाले राज्य स्तरीय कैंप में भेजा जाएगा। मंच संचालन प्राथमिक सहायता प्रवक्ता अंजू रानी द्वारा किया गया। कैंप में रमेश कंबोज, अनिल इंदल, अंजू गांधी, ऋचा वर्मा, नरेश कुमार, विपिन, अंतू, सुदेश कुमारी, नीलम, बबीता रानी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नागपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास से मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जन्मदिन

- जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जन्मदिन आज नागपुर मंडल के अध्यक्ष संदीप तनेजा के प्रतिष्ठान पर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने शिरकत की। इस उपलक्ष्य में सभी ने नागपुर के श्रीकृष्ण प्रणामी गोशाला में पहुंचकर गोवंशों को हरे चारे व गुड का भोग लगाकर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा संगठन नए नए आयाम स्थापित कर रहा है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व बुलंदियों पर है। जेपी नड्डा एक सूझवान, विवेकशील, विनम्र नेता हैं, जिन्होंने हमेशा ही कार्यकर्ताओं का सही दिशा देकर संगठन को हर मोर्चे पर मजबूत बनाने का काम किया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बीजेपी फतेहाबाद के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के व्यक्तिगत मित्र भी हैं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में दोनों साथ साथ काम किया है। उनके साथ पूर्व जिलाध्यक्ष स. बलदेव ग्रोहा, जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, जिला महामंत्री विकास ललौदा आदि मौजूद रहे।


**रतिया।** नागपुर में जेपी नड्डा के जन्मदिन पर केक काटते भाजपाई।

## एसडीएम ने सामुदायिक केंद्र और रैन बसेरा का किया निरीक्षण

### अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

# लोगों को ठंड से बचाने के लिए साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को नगरपालिका के सामुदायिक केंद्र व रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों को रैन बसेरे में ठहरने वाले नागरिकों के लिए सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने रैन बसेरे में लोगों को ठंड से बचाने के लिए सभी जरूरी सुविधाएं और साफ-सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।


**रतिया।** सामुदायिक केन्द्र का निरीक्षण करते एसडीएम।

### ये रहे मौजूद

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने सामुदायिक केंद्र में पार्क, जिम के साथ-साथ वॉलीबॉल मैदान सहित सभी प्रकार की व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा सामुदायिक केंद्र और पार्क की नियमित साफ-सफाई की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। इस दौरान नगरपालिका सचिव शुभम कुमार, सफाई निरीक्षक ओंकार, बृजलाल कनिष्ठ अभियंता, सफाई दरोगा मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने मनाई डॉ. मंगल सेन की पुण्यतिथि

# डॉ. मंगल सेन केवल जननेता नहीं, वे युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत : प्रवीण जोड़ा

- डॉ. मंगल सेन ने संपूर्ण जीवन जनता की सेवा में किया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** डॉ. मंगल सेन को श्रद्धासुमन अर्पित करते भाजपाई।

भाजपा की हरियाणा में नींव रखने वाले पूर्व उपमुख्यमंत्री और शेर-ए-हरियाणा के नाम से प्रसिद्ध डॉ. मंगल सेन की पुण्यतिथि पर बीजेपी जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। जोड़ा ने कहा कि डॉ. मंगल सेन हरियाणा के उन विरले नेताओं में शामिल रहे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन जनता की सेवा, संगठन निर्माण और राष्ट्रवादी विचारधारा के विस्तार में समर्पित किया। वे हरियाणा विधानसभा में चार बार विधायक रहे और राज्य के उपमुख्यमंत्री पद पर भी कार्यरत रहे। बीजेपी नेताओं ने कहा कि हरियाणा में भाजपा के विस्तार, संगठन खड़ा करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक पार्टी को पहुँचाने में उनका योगदान ऐतिहासिक माना जाता है। डॉ. मंगल सेन न केवल एक जननेता थे, बल्कि वे युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी हैं। उन्होंने कहा, डॉ. मंगल सेन जी ने अपने जीवन में ईमानदारी, त्याग और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा।

## साइबर थाना फतेहाबाद की कार्रवाई

# फ्रॉड पीड़ित को वापस दिलावाई 4 लाख की राशि

**फतेहाबाद।** थाना साइबर फतेहाबाद ने साइबर ठगी के एक में पीड़ित को उसके 4 लाख रुपये वापस दिलवाकर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। थाना साइबर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि शिकायतकर्ता कुलदीप गोदारा निवासी एमपी रोही द्वारा साइबर ठगी की शिकायत दर्ज करवाई गई थी। पीड़ित के अनुसार ऑनलाइन धोखाधड़ी के माध्यम से उससे लगभग 4 लाख रुपये की ठगी की गई थी। शिकायत मिलते ही साइबर थाना फतेहाबाद की टीम ने तत्परता से कार्रवाई शुरू की। तकनीकी विश्लेषण, बैंक चैनल समन्वय और साइबर हेल्प डेस्क की सहायता से ट्रांजैक्शन को ट्रैक किया गया तथा राशि की रिकवरी प्रक्रिया को तेज किया गया। लगातार प्रयासों से संपूर्ण राशि को सुरक्षित रूप से वापस दिलवाया गया। शिकायतकर्ता कुलदीप गोदारा ने कहा, उसके साथ करीब 4 लाख का साइबर फ्रॉड हुआ था। उसने साइबर थाना फतेहाबाद में आवेदन दिया और पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करके मेरा पूरा पैसा वापस दिला दिया।

# मुख्य सिपाही गुरमीत बने सहायक उपनिरीक्षक, एसपी ने किया सम्मानित

- वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और सहयोगियों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन और लगातार बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए मुख्य सिपाही गुरमीत को सहायक उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने उन्हें बधाई दी और स्टार लगाकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने इस मौके पर कहा, गुरमीत जैसे समर्पित और ईमानदार अधिकारी हमारे विभाग की बड़ी ताकत हैं। उनके कार्य और अनुशासन ने इस पदोन्नति को पूरी तरह योग्य बनाया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि वे नई जिम्मेदारी को भी पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ निभाएंगे। पदोन्नत अधिकारी गुरमीत ने पुलिस अधीक्षक का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। कार्यक्रम में अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और सहयोगियों ने भी गुरमीत को बधाई दी।


**फतेहाबाद।** पदोन्नत हुए गुरमीत को स्टार लगाकर बधाई देते एसपी।

## बिजली विभाग कभी अनधिकृत लिंक नहीं भेजता : पुलिस अधीक्षक

# बिजली बिल, साइबर बिल, फर्जी लिंक पर क्लिक करते ही उड़ रही जनता की जमापूंजी

- नागरिकों के लिए साइबर एडवाइजरी की जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हाल के दिनों में बिजली बिल के नाम पर साइबर ठगी के मामलों में तेजी आई है। आम नागरिकों को बकाया बिल के नाम पर डराकर फर्जी लिंक भेजे जा रहे हैं, जिन पर क्लिक करते ही लोग अपनी मेहनत की कमाई से हाथ धो बैठते हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने इस बढ़ती ठगी के मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिला स्तर पर नागरिकों को आगाह किया है और एक विशेष साइबर एडवाइजरी जारी की है।

एसपी ने कहा कि लोगों को एसएमएस, व्हाट्सएप या कॉल पर संदेश मिल रहे हैं कि आपका बिजली बिल लंबित है, आज ही भुगतान करें वरना कनेक्शन काट दिया जाएगा। साथ में एक फर्जी लिंक या मोबाइल नंबर दिया जाता है। लिंक पर क्लिक करते ही व्यक्ति नकली वेबसाइट या मालवेयर युक्त एप पर पहुंच जाता है, जो बिजली विभाग की आधिकारिक साइट जैसी दिखती है।

वहां बैंक डिटेल्स, ओटीपी, यूपीआई पिन आदि भरवाए जाते हैं और ठग खाते से पूरी रकम उड़ा लेते हैं। एसपी ने नागरिकों को ठगी से बचाने के लिए सुझाव देते हुए कहा कि कभी भी मोबाइल पर आए लिंक पर क्लिक न करें, भले ही संदेश असली लगे।

बिल भुगतान से जुड़ी जानकारी केवल बिजली विभाग की आधिकारिक वेबसाइट/एप से ही लें। कोई भी ओटीपी, डेबिट कार्ड जानकारी या यूपीआई पिन फोन पर किसी से साझा न करें। यदि ऐसा कोई संदिग्ध मैसेज या कॉल आए तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या निकटतम साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

### युवाओं से अपील



जैन ने बताया कि इस प्रकार की ठगी से सबसे अधिक वरिष्ठ नागरिक, ग्रामीण क्षेत्र के लोग और तकनीकी रूप से कम जानकार लोग प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए परिवार के युवा सदस्यों से अपील की गई है कि वे अपने घर के बुजुर्गों और आसपास के लोगों को इस धोखाधड़ी से अवगत कराएं।

## श्री रघुनाथ मंदिर फतेहाबाद में शिव महापुराण यज्ञ का शुभारंभ

# शिवपुराण दिव्य रत्नों से भरा सागर, किंतु रत्न प्राप्ति के लिए गोता लगाना होगा : स्वामी दिव्यानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री रघुनाथ मंदिर फतेहाबाद में आयोजित पांच दिवसीय शिव पुराण कथा का शुभारंभ करते हुए डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि वेद-पुराण-शास्त्रों को रत्नाकर कहा गया है। जीवन को सजाने संवारने के लिए इसमें रत्न हैं, ज्ञानविज्ञान के सूत्र हैं। सदाचार-सद्भक्ति के जीवन सूत्र हैं। केवल सागर तट पर बैठ लहरों का आनंद नहीं लेना होता-रत्न प्राप्ति के लिए मंथन करना होता है, गोता लगाना होता है। कथा सत्संग में भी केवल कव्वालियों के मजे नहीं, रहस्य भी जानने होते हैं। स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि केवल बाहर का पहरावा ही भक्तों जैसा न हो, भीतर से राग द्वेष ईर्ष्या, क्रोध आदि से भी मुक्त होना है।


**फतेहाबाद।** रघुनाथ मंदिर में शिव महापुराण यज्ञ का शुभारंभ करवाते स्वामी दिव्यानंद महाराज।

### शिव अभिषेक किया

स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि शिव यूं तो शमशान में रहते हैं किंतु इतने ठाठ से आनंद में रहते हैं, इतना तो हम बंगलों में भी नहीं रह पाते। सुविधाओं के अभाव में भी शांत जीवन क्या है, यह शिव से सीखें। शिव पास तो अभाव दिखता है क्योंकि शिव झोलियां तो सभी की भरते हैं। इस अवसर पर ध्वजारोहण के साथ पं. राकेश शर्मा द्वारा शिव अभिषेक हुआ। किट्टू बजाज, नरेश सरदाना, चंद्रभान वधवां, हंसराज ग्रोवर, नरेश निझारा, मोहित बजाज, प्रदीप नारंग, शुभम मेहंदीरत्ता, गौतम बजाज, सुनील आहुजा, संत लाल झंडई, मोहन लाल नारंग, राकेश मखीजा, नरेंद्र चानना ने भी पूजा कर आशीर्वाद लिया।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 13 दिसंबर को न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

### मंदिर में स्थापित हुई श्रीगणेश की मूर्ति

**सिरसा।** ऑटो मार्केट स्थित विश्वकर्मा मंदिर में खंडित हुई भगवान श्रीगणेश की मूर्ति को संरक्षक सोहन चावला ने अपनी 50वीं वर्षगांठ पर प्रधान अनिल बांगा की अध्यक्षता में मंगलवार को स्थापित करवाया। प्रधान अनिल बांगा ने सर्वप्रथम संरक्षक सोहन चावला व उनकी पत्नी कृष्णा चावला को वर्षगांठ की बधाई दी।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर किया जाएगा सम्मानित

**सिरसा।** राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं के पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए इच्छुक बालिकाएं अब 15 दिसंबर तक महिला एवं बाल विकास विभाग में आवेदन कर सकती हैं। इसके बाद आवेदन संबंधित विभाग की सिफारिश पर मुख्यालय पर भेजे जाएंगे।

### डबवाली से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलेगा

**डबवाली।** नगर परिषद कार्यालय में आयोजित हाउस की बैठक में निर्णय लिया गया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत पहले शहर के बाजारों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। प्रधान टेकचंद छाबड़ा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पार्षदों ने नप द्वारा विभिन्न वार्डों में छेड़े गए अतिक्रमण हटाओ अभियान पर सवाल खड़े कर बिना भेदभाव के सभी क्षेत्रों में एक समान चलाने पर जोर दिया।

### शिवभक्तों का धरना 10वें दिन भी जारी

**सिरसा।** श्री गौशाला के बाहर पिछले 10 दिनों से शिवभक्तों का धरना जारी है। मंगलवार को दसवें दिन भी बाबा की आरती बाहर सडक़ पर ही की गई। मंदिर संस्थापक परिवार के सदस्य भवानी शंकर ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि धर्मनगरी सिरसा में 103 साल पुराने शिवलिंग को अपने स्थान से हटा दिया गया।

### साइबर ठगों ने किसान से 13.5 लाख रुपये ठगे

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने फतेहाबाद के एक किसान से साढ़े 13 लाख रुपये हड़प लिए। किसान को जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने इस बारे 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाई। अब इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद में परमवीर सिंह पुत्र हरदीप सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भारतीय संस्कृति की धरोहर का मूल सार है श्रीमद् भगवत गीता: डॉ. विवेक भारती

# ज्ञान, आस्था और संस्कृति के संगम के साथ गीता महोत्सव का भव्य समापन




**फतेहाबाद।** सांस्कृतिक संध्या एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती व कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते हुए स्कूली बच्चे।

**उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी देखा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पंचायत भवन में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गीता महोत्सव का विधिवत समापन हुआ। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती की उपस्थिति में सम्पन्न हुए समारोह में दीपोत्सव, आरती और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। महोत्सव के अंतिम दिन सैकड़ों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आस्था और आध्यात्मिकता की अद्भुत छटा बिखेरी। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने इस अवसर पर प्रतिभागियों, सामाजिक संगठनों, विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों और कलाकारों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की। समापन सत्र के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि विभागों ने सरकारी योजनाओं, सेवाओं और जनकल्याणकारी अभियानों को जिस सजीव और प्रभावी तरीके से प्रदर्शित किया है, वह प्रशंसनीय और जनहित में अत्यंत उपयोगी है। उपायुक्त ने कहा कि महोत्सव की शुरुआत जितनी भव्य थी, उसका समापन उससे भी बढक़र उत्कृष्ट, समृद्ध और प्रेरणादायक रहा। गीता के दिव्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का यह एक सफल एवं सार्थक प्रयास रहा है।

**संस्कृति से जुड़ने का अवसर**

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि गीता भारतीय संस्कृति की धरोहर का मूल सार है, जिसमें जीवन का विज्ञान, कर्तव्य का मार्ग और धर्म की सच्ची परिभाषा समाहित है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम हमें भारतीय संस्कृति से जुडऩे का अवसर प्रदान करते हैं। यह सांस्कृतिक धरोहर से जुडऩे का एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है। उन्होंने कहा कि गीता के ज्ञान को जीवन में धारण कर हम स्वयं को भी उन्नत कर सकते हैं और समाज को भी।

**सम्मानित किया**

गीता महोत्सव के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी प्रतिभागियों, समाजसेवी एवं धार्मिक संस्थाओं, विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को उपायुक्त द्वारा स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीपदान कार्यक्रम ने समापन समारोह को और भी दिव्य बना दिया। कार्यक्रम में एसडीएम राजेश कुमार, नगराधीश गौरव गुप्ता, जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल, डीडीपीओ अनूप सिंह व अन्य मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस में भाग लेते विद्यार्थी।

## विद्यार्थियों ने बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताई

# क्रेसण्ट स्कूल में प्रदूषण के खिलाफ किया जागरूक

- छात्रा सीरत ने 'आओ मिलकर कसम यें खाएं, प्रदूषण को हम दूर भगाएं' कविता का सस्वर वाचन कर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में 'हरित भविष्य के लिए सतत जीवन' थीम के साथ राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रार्थना सभा में पीहू व कृति के मंच संचालन में नव्या व माहिर के 'प्रदूषण की समस्या एक दीमक की तरह है जो पर्यावरण को धीरे-धीरे खोखला बनाती जा रही है' पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रेरक विचारों से हुई। छात्रा सीरत ने 'आओ मिलकर कसम यें खाएं, प्रदूषण को हम दूर भगाएं' कविता का सस्वर वाचन किया। कक्षा चार के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर आधारित एक्ट के माध्यम से वायु, जल, ध्वनि तथा मिट्टी प्रदूषण से संबंधित मॉडल, चार्ट एवं उनके रोकथाम उपायों को आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया गया।

**सामूहिक जिम्मेदारी**

फलिशा ने भोपाल गैस त्रासदी का वर्णन करते हुए अपने व्याख्यान के माध्यम से बताया कि किस प्रकार औद्योगिक लापरवाही लाखों निर्दोष लोगों के जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ सकती है। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि अभी से आप पर्यावरण के प्रति जागरूक रहेंगे, तो आने वाला भविष्य निश्चित रूप से स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित होगा। कार्यक्रम के अंत में कक्षा चार के विद्यार्थियों ने सभी से 'पेड़ लगाओ-पर्यावरण बचाओ' एवं 'क्लीन-कैंपस ड्राइव' जैसी प्रतिज्ञाएं करवाई।

# श्री श्याम बगीची में सजी भजन संध्या

- सोमवार रात एकादशी के उपलक्ष्य में धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से सोमवार रात को एकादशी के उपलक्ष्य में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि भजन- लहर लहर लहराए रे झंडा बजरंग बली का, तू रुक नही पाएगा बाबा जब तुम्हें बुलाएगा, कन्हैया ले चल उस पार, खाटू के कण कण में विराजे कलयुग का अवतार, मेरी जिंदगी को संभालो कन्हैया तुम्हारी ये नैया, श्याम बगीची धाम है बनते यहां बिगड़े काम है सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। बाद में भजन गायिका श्याम लाडली पावनी खुराना ने भजन- श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे पास आया हूं, जय जय जय बजरंग बली, वीर हनुमाना अति बलवाना, मेरे सिर पर बाबा श्याम घुमा दे मोर छड़ी, तू कृपा कर बाबा मैं कीर्तन करवाउंगा, हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं, फूलों से सज रहे वृंदावन बिहारी, खाटू वाले श्याम धणी कमाल हो गया, खाटू वाला सेठों का सेठ सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए।



**सिरसा।** भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक। *फोटो : हरिभूमि*

**प्रसाद वितरित किया**

*जिन पर श्याम भक्त रात भर झूमते रहे। भजन संध्या के समापन पर बाबा श्याम की आरती की गई और बाबा को भेग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।*

### मंडल आयुक्त ने रिपोर्ट तलब करने के दिए आदेश

**सिरसा।** पिछले करीब 6 सालों से न्याय के लिए भटक रहे शहर के भगत सिंह नगर निवासी दंपति रूचि पत्नी राजीव कुमार ने उपायुक्त को ज्ञापन देकर मंडल आयुक्त द्वारा दिए गए आदेशों की पालना की गुहार लगाई है, ताकि उन्हें न्याय मिल सके। अपनी शिकायत में पीड़िता रूचि ने बताया कि सिरसा के तत्कालीन पटवारी हलका जसवंत सिंह (कानूनगो पद से रिटायर) द्वारा अग्रसैन कॉलोनी, सिरसा स्थित हमारे प्लॉट का इंतकाल भ्रष्टाचारपूर्ण तरीके से राजस्व रिकॉर्ड में अपने कुछ चहेते लोगों के नाम दर्ज व मंजूर करवाकर फर्जीवाड़ा किया गया। इस मामले में न्याय के लिए वह परिवार सहित पिछले करीब 6 सालों से भटक रही है, लेकिन अभी तक उन्हें दर-दर की ठोकरें ही मिली हैं। इस मामले में हमारे प्रतिवेदन पर विचार करते हुए अब मंडलायुक्त द्वारा 27 नवंबर 2025 को आदेश पारित कर उपायुक्त को उक्त आरोपित पटवारी को नियम-7 के तहत चार्जशीट करने के स्पष्ट आदेश किए हैं।

# आदर्श स्कूल, दरियापुर में इलेक्ट्रॉनिक्स और रोबोटिक्स वर्कशॉप का आयोजन

- छात्रों ने स्मार्ट सेंसर किट्स का निर्माण कर प्रदर्शित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दरियापुर में पांच दिवसीय इलेक्ट्रॉनिक्स और रोबोटिक्स वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप में दिल्ली से आए विशेषज्ञ आदित्य ने छात्रों को आर्डिनो सिमुलेशन, आईओटी और आधुनिक तकनीकों के बारे में ज्ञान प्रदान किया।

छात्रों ने स्मार्ट सेंसर किट्स का निर्माण किया और कई नवीनतम मॉडल्स बनाकर अपनी व्यावहारिक कौशल का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन ने छात्रों की उत्साह और रचनात्मकता की प्रशंसा की। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** आदर्श स्कूल दरियापुर में आयोजित वर्कशॉप में भाग लेते विद्यार्थी।

**विज्ञान का महत्व बताया**

इस वर्कशॉप के माध्यम से छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने कौशल को विकसित करने का अवसर मिला। इस तरह की वर्कशॉप के माध्यम से स्कूल का उद्देश्य छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करना और उन्हें नवीनतम तकनीकों से अवगत कराना है।

# सामाजिक, भावनात्मक अधिगम है एनईपी-2020 की आत्मा: डॉ. वेद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा


राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के लिए विद्यालय मुखियाओं के लिए रोड मैप विषय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेला ग्राउंड सिरसा में चल रहे तीन दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरु गोरखनाथ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हिसार के अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वेद भूषण एवं राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोडिया खेड़ा, फतेहाबाद के अंग्रेजी विभाग के सहायक डॉ. महेंद्र चोपड़ा, आरोही मॉडल स्कूल कालूवाना की प्राचार्य नीता नागपाल, डाइट के प्रवक्ता चंद्र प्रकाश शर्मा एवं प्रवक्ता पवन कुमार ने बतौर संसाधन व्यक्ति शिरकत की। डॉ. भूषण ने कहा कि सामाजिक-भावनात्मक अधिगम एनईपी-2020 की आत्मा है। इसका उद्देश्य केवल विषय ज्ञान देना नहीं, बल्कि छात्रों का भावनात्मक व सामाजिक विकास सुनिश्चित करना है। हर शिक्षक का संवेदनशील व्यवहार और प्रेरक दृष्टिकोण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है। डॉ. चोपड़ा ने भी मार्गदर्शन किया।

# अभिमन्यु बने पंचायत समिति के अध्यक्ष

- उपमंडल अधिकारी मोहित कुमार की अध्यक्षता में चुनाव करवाया गया, इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां

ओढां पंचायत समिति के अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को उपमंडल अधिकारी (ना.) मोहित कुमार की अध्यक्षता में चुनाव संपन्न करवाया गया, जिसमें वार्ड नंबर 3 के सदस्य अभिमन्यु पुत्र राजेंद्र कुमार को ओढ़ां पंचायत समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। एसडीएम मोहित कुमार ने बताया कि ओढ़ां पंचायत समिति का अध्यक्ष पद रिक्त था।



**सिरसा।** चेयरमैन मोहित को प्रमाण पत्र देते एसडीएम। *फोटो : हरिभूमि*

**18 सदस्य मौजूद रहे**

राज्य चुनाव आयोग हरियाणा और उपायुक्त के निर्देशों का पालन करते हुए 2 दिसंबर, मंगलवार को चुनाव प्रक्रिया आयोजित की गई। नामांकन प्रक्रिया के तहत एक सदस्य ने ही नामांकन भरा। चुनाव प्रक्रिया के दौरान पंचायत समिति के 18 सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान बीडीपीओ अमन मित्तल भी मौजूद रहे।

# हिंदी व संस्कृत समूहगान में डीपीएस स्कूल प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा


दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित हिंदी व संस्कृत समूहगान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय प्राचार्या डॉ. रमा दहिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता बीती 30 नवंबर को सफीदों में आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में डीपीएस सिरसा के छात्रों ने हिंदी समूहगान और संस्कृत समूहगान दोनों श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त कर समस्त उपस्थित दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित कर दिया। इस बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय की टीम का चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो आगामी 14 दिसंबर को ग्वालियर में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय की विजेता टीम में चैरिल, लोरेंस, काव्या, तन्वी, हरइनायत, नव्या, भूमिशा शर्मा और वंश ने अपनी स्वर प्रतिभा और ताल-लय से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

# श्री श्याम बाबा खाटू वाले का संकीर्तन 14 दिसम्बर को

- संकीर्तन में प्रसिद्ध भजन प्रवाहक कामोद मिश्र शास्त्री, वृंदावन विशेष रूप से पधारेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री श्याम बाबा खाटू वाले का विशाल संकीर्तन 14 दिसम्बर को आयोजित किया जा रहा है। यह विशाल संकीर्तन तहसील चौक स्थित श्री राम सेवा समिति धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। इस संकीर्तन में प्रसिद्ध भजन प्रवाहक कामोद मिश्र शास्त्री, वृंदावन विशेष रूप से पधारेंगे।



श्री श्याम मंदिर में सजा दरबार।

### 13 को थाली कीर्तन

13 दिसम्बर को श्री श्याम मंदिर में थाली कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व 4 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक रोजाना प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभात फेरी सवा 5 बजे श्री श्याम मंदिर से चलकर शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए वापस श्याम मंदिर पहुंचेंगी। 10 दिसम्बर से प्रतिदिन सांय 5 बजे संगीतमयी भगत माल कथा एवं श्री श्याम महिमा का गुणगान किया जाएगा। यह गुणगान 12 दिसम्बर तक प्रतिदिन किया जाएगा।

## सीडीएलयू में भारतीय भाषा परिवार सम्मेलन का आयोजन

विद्वान बोले- भारतीय भाषाओं की जड़ें हमारी सामाजिक संरचना से जुड़ी हुई है

# भारतीय भाषाएं केवल संवाद का माध्यम नहीं, सभ्यता की जीवंत धरोहर: राम सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

इतिहास संकलन समिति के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं शिक्षाविद् राम सिंह यादव ने कहा कि भारतीय भाषाएं केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा, संस्कृति और सभ्यता की जीवंत धरोहर हैं। भारत की विविध भाषाओं में निहित सामंजस्य हमारी सामाजिक शक्ति का अद्भुत उदाहरण है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी मातृभाषाओं को आत्मविश्वास के साथ अपनाएं, उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ें और युवा पीढ़ी को भाषा-आधारित शोध एवं नवाचार की ओर प्रेरित करें। ऐसे सम्मेलन न केवल ज्ञान का आदान-प्रदान करते हैं, बल्कि राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का माध्यम भी बनते हैं। राम सिंह यादव मंगलवार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में आयोजित 'भारतीय भाषा परिवार सम्मेलन' के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर भारतीय भाषाओं की बढ़ती स्वीकार्यता इस बात का प्रमाण है कि हमारी भाषाएं भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। इससे समाज को गति भी मिल रही है।



**सिरसा।** सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

**शोध के महत्व पर प्रकाश डाला**

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि भारतीय भाषाओं की जड़ें हमारी सामाजिक संरचना में गहराई से जुड़ी हैं। हमें आवश्यकता है कि प्रशासन, शिक्षा और शोध के हर स्तर पर भारतीय भाषाओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। ऐसे कार्यक्रम न केवल भाषाई चेतना बढ़ाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों को अपनी मूल भाषाई पहचान से जोड़े रखते हैं। संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों में भारतीय भाषाओं की उत्पत्ति, विकास और भाषा परिवारों पर विशेषज्ञ व्याख्यान, भाषाई एकता, अनुवाद, बोली-विविधता और सांस्कृतिक सेतु पर शोधपत्र प्रस्तुतियां व कई विषयों पर मंथन किया गया।